हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–27 : जौनपुर, शुक्रवार 16 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## मुख्यमंत्री योगी ने पोषण माह का किया शुभारंभ : बोले– पहले शराब बेचने वाले ही पोषण आहार बांटते थे

लखनऊ ब्यूरो : बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत पांच वर्ष से पोषण माह कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान और भविष्य को कुपोषण से मुक्त करने का यह बेहद महत्वपूर्ण अभियान है। किशोरी, धात्री महिलाएं, माताएं सुपोषणयुक्त होंगी तो बच्चे भी स्वस्थ व सक्षम होंगे। इससे समाज और देश भी सशक्त होगा। जनपद के भ्रमण में मेरा लक्ष्य होता है कि स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र जरुर जाऊं। सीएम ने कहा कि शिक्षित और स्वस्थ बच्चे ही मजबूत राष्ट्र का आधार होते हैं।बच्चों को उद्धरणों के माध्यम से बेहतर सिखा सकते हैं। सीखने की ललक बचपन में ज्यादा होती है इसलिए शिक्षकों–आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी है कि बच्चों में अच्छे संस्कार डालें। उन्होंने कहा कि यूपी में शिशु–मृत्युदर को नियंत्रित किया गया। एनीमिया रोग को नियंत्रित किया गया। 2017 से पहले शराब बेचने वाले ही पोषण आहार बांटने का कार्य करते थे। मुझे आश्चर्य हुआ। मेरी सरकार ने ऐसे कॉकस को खत्म किया।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों को पौष्टिक आहार वितरण की जिम्मेदारी सौंपी। इसके परिणाम सकारात्मक रहे। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कोविड काल में भी अच्छा कार्य किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डाटा डाक्यूमेंटेशन का कार्य समय से करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और कुछ बच्चो का अन्नप्राशन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने 199 आंगनबाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास व 501आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने पोषण मैन्युअल सक्षम का विमोचन और आंगनबाड़ी केन्द्रों का डिजिटाइजेशन करने के लिए तैयार किए गए 'सहयोग' एप को भी लांच किया।

## पड़ोसी का झगड़ा सुलझाने पहुंची पूर्व महिला बीडीसी की लाठी–डंडे से पीटकर हत्या : आरोपी फरार

मऊ ब्यूरो : मऊ जिले के बहादुर गांव में पड़ोसी का झगड़ा सुलझाने पहुंची पूर्व महिला बीडीसी की लाठी और डंडे से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से आरोपी फरार हैं। पुलिस ने मृतका की पुत्री की तहरीर पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। गुरुवार देर रात घटी इस घटना के बाद से गांव में तनावपूर्ण शांति है। गांव में फोर्स तैनात है। दर्ज मुकदमे के अनुसार दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बहादुर गांव निवासी दीपिका भारती ने बताया कि बीती रात उसके पड़ोसी दयानंद और विक्रम चौहान में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। शोर सुनकर उसकी मां व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दुर्गावती देवी (50) मौके पर पहुंची और दोनों को समझा–बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया। पिता–पुत्र समेत पांच पर हमले का आरोप आरोप लगाया कि इस बात से खुन्नस खाकर विक्रम चौहान और उसके पुत्र विनय, अजय, चन्द्रकेश और हरिकेश ने मां पर लाठी–डंडे से हमला बोल दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक गांव के अन्य लोग मौके पर जुटते तबतक हमलावर भाग गए। आनन–फानन मां को लेकर अस्पताल भागे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। उधर, विवाद में एक महिला की हत्या की सूचना मिलने पर दोहरीघाट पुलिस पहुंची। एसओ दोहरीघाट हरीशंकर सिंह ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। मृतका की पुत्री की तहरीर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना से हतप्रभ गांव के लोग मामूली विवाद में पूर्व महिला बीडीसी की लाठी–डंडे से पीटकर हत्या से ग्रामीण हतप्रभ हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, मृतका बेहद व्यावहारिक थी। उनके पति को कुछ साल पहले लकवा मार गया है। पूर्व महिला बीडीसी की मौत से उनकी पांच बेटियों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना के दूसरे दिन भी शुक्रवार को गांव में मातम पसरा रहा। गांव में फोर्स तैनात है।

## प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत –प्रो. वंदना राय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं एल्युमिनी एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर एक दिवसीय ओजोन परत संरक्षण और पर्यावरण विज्ञान में अध्ययन का महत्व विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना राय ने कहा कि हमें अपनी आवश्यकताओं को सीमित करते हुए प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता से पर्यावरणीय समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान निकल सकेंगे। प्रोफेसर प्रदीप कुमार ने छात्रों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान हेतु शपथ ग्रहण कराया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरणीय समस्याओं से मानव समाज एवं पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण हो सकेगा। प्रोफेसर राजेश शर्मा ने ओजोन संरक्षण के वैज्ञानिक सिद्धांतों के बारे में विस्तार से चर्चा की।




डॉ मनीष गुप्ता ने ग्रीन एनर्जी एवं भारतीय सनातन पद्धति के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति के खिलाफ जाने से पर्यावरण संकट बढ़ेगा। अध्यक्षता संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राम नारायण ने किया। डॉ विवेक पाण्डेय ने संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुधीर उपाध्याय ने किया। इसके बाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विशाल प्रजापति, द्वितीय पुरस्कार चन्द्र भूषण एवं सनी सरोज तथा तृतीय पुरस्कार बबिता यादव को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रत्ना यादव, द्वितीय पुरस्कार शैफाली श्रीवास्तव एवं तृतीय साक्षी मौर्य ने प्राप्त किया।

## रिक्त सीटों पर पीयू परिसर में द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में सत्र 2022–24 के प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउंसलिंग समाप्त हो गई है। प्रथम चरण की काउंसलिंग के उपरांत जिन पाठ्यक्रम में सीट रिक्त हैं उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अंतिम चरण की काउंसलिंग 16 सितंबर से होगी। काउंसलिंग समाप्त होने के बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु 18 सितंबर 2022 से 15 अक्टूबर 2022 तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर विकल्प खोला जाएगा । यह जानकारी विद्यालय के कुलसचिव द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के उपरांत सीधे संबंधित पाठ्यक्रम के विभागाध्यक्ष से संपर्क कर रिक्त सीट पर प्रवेश ले सकते हैं। अंतिम अवसर प्रदान किए जाने के क्रम में आरक्षित वर्ग की रिक्त सीट पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को अवसर प्रदान किया जाएगा। अगर अंतिम अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी आरक्षित वर्ग की सीट रिक्त रह जाती है तो ऐसी रिक्त सीटों के सापेक्ष अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जाएगा। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट उपलब्ध कराई जा रही है।

## अधिवक्ता समाज के हित के लिए हमेशा तत्पर रहता है और रहेगा – सरस चन्द श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अधिवक्ता समाज के हित के लिए हमेशा तत्पर रहता है और रहेगा।उक्त विचार मुख्य अतिथि ,संगत पंगत के संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव ने राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट के आवास पर आयोजित संगत पंगत जौनपुर द्वारा दीवानी अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अरुण कुमार सिन्हा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अतुल कुमार श्रीवास्तव लेखा निरीक्षक, शुभम श्रीवास्तव कार्यकारणी सदस्य का सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहाँ, सरस चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता संघ के सदस्यों के हित में जो भी कार्य हो वे सभी पदाधिकारी पूर्ण करे अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है ,उन्होंने कहा कि समाज के हित के लिए संगत पंगत संगठन निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को अंगवस्त्र भेट कर माल्यापर्ण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला जज अजय कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि समाज की असली पीड़ा अधिवक्ता ही समझ सकता है जो सबके दुःख के निवारण करने हेतु प्रयासरत रहता है। नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि आप सभी के प्रेम से आज इस पद पर पहुचा हु अधिवक्ता हित में जो भी कार्य होगा उसे ससम्मान पूरा किया जायेगा। लेखा निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता समाज का मैं आभारी हूं कि इतने भारी मतों से मुझे जिताकर अपना सेवा करने का मौका दिया अधिवक्ता संघ के प्रत्येक सदस्य के सेवा के लिए दृढ़ संकल्प हु। कार्यकारणी सदस्य शुभम श्रीवास्तव ने कहा



कि आप सबके मार्गदर्शन में कार्य करूँगा जो भी जरूरत होगी अधिवक्ता हित के लिए लड़ाई लडूंगा। वरिष्ठ कवि व वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश चन्द श्रीवास्तव ने अपने कविता के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संचालन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने किया व आभार संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया। स्वागत समारोह को कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव एडवोकेट, कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ADGC क्रिमिनल, कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव पूर्व ऑडिट ऑफिसर, कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट मियांपुर, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव दादा ,दीपक श्रीवास्तव पत्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगत पंगत , कायस्थ महासभा के जिला महासचिव संजय अस्थाना वरिष्ठ पत्रकार,कायस्थ महासभा के जिला संगठन मंत्री शशि श्रीवास्तव सभासद, रमेन्द्र श्रीवास्तव ,वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत पंकज श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव,अर्पित श्रीवास्तव संतोष कुमार निगम अनुपम श्रीवास्तव अजय वर्मा अज्जू अतुल कुमार श्रीवास्तव शुभम श्रीवास्तव अर्पित श्रीवास्तव आयुष अस्थाना नगर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने एसीपी काकोरी अनिरुद्ध विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक दधिबल तिवारी एवं पारा पुलिस को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिनांक 30 अगस्त 2022 को हुई बुद्धेश्वर बाजार में चोरी का खुलासा करने वाली पारा पुलिस टीम को श्री बुद्धेश्वर उधोग व्यापार मंडल इकाई लखनऊ व्यापार मंडल द्वारा डीबीएल लान निकट बुद्धेश्वर मंदिर हरदोई रिंग रोड क्रॉसिंग में शत्रुघ्न सम्मान से सम्मानित किया गया,इस सम्मान समारोह में व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारियों ने पुलिस टीम को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मान किया।सबसे पहले व्यापारियों ने एसीपी काकोरी अनिद्द विक्रम सिंह सहित प्रभारी निरीक्षक पारा दधिबल तिवारी को उनकी टीम को सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्रा,महामंत्री उमेश शर्मा जी उपस्थित रहे।इस दौरान श्री बुद्धेश्वर उधोग व्यापार मंडल के संरक्षक आदरणीय रामशंकर राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि हम व्यापारियों को आज बहुत खुशी है कि जिस प्रकार पारा पुलिस टीम ने घटना का सफल अनावरण किया और चोरों को सलाखों के पीछे डाला और यह साबित कर दिया कि किसी भी प्रकार की घटना हो पुलिस उसका



अनावरण जरूर करती है।इसी कड़ी में संरक्षक राशिद अली ने भी सभी को इस कार्य के लिए बधाई दी।लखनऊ व्यापार मंड़ल के वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्रा ने आये हुए अतिथियों व व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी व्यापारी इस स्वागत समारोह में आये इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद और आगे व्यापारियों के हित मे सभी व्यापारी एकजुट होकर सहयोग करें और एक दूसरे की हमेशा मदद करते रहे,लखनऊ व्यापार मंडल हमेशा से व्यापारियों के साथ है और रहेगा।श्री बुधेयस्वर उधोग व्यापार मंड़ल के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ने आये हुए सभी सम्मानित व्यापारियों व अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दिया।

## बी ई ओ बरसठी शशांक सिंह से मिले अटेवा के पदाधिकारी : पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई की जोर देने की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा जौनपुर के जिला संगठन मंत्री व कंपोजिट विद्यालय आदमपुर के ऊर्जावान प्रधानाध्यापक सुभाष सरोज व साथ मे अटेवा ब्लाक अध्यक्ष रत्तीलाल निषाद ने बी ई ओ बरसठी शशांक सिंह से मिलकर अटेवा के पेंशन आंदोलन के बारे में बताते हुए सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रत्तिलाल निषाद ने बुनियादी शिक्षा की मजबूती पर भी बल दिया! इस मौके पर शैलिनी गुप्ता , श्री राम सजीवन यादव मनोज राय तथा प्रमोद प्रजापति द्वारा बी आर सी बरसठी पर उपस्थित होकर श्रीमान खंड शिक्षा अधिकारी महोदय को अटेवा जौनपुर की सदस्यता दिलाते हुए व स्मृति चिह्न



प्रदान कर स्वागत किया गया!


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोरखपुर जिला प्रतिनिधि राजनारायण ओझा को दैनिक देश की उपासना समाचार पत्र की मर्यादा के विपरीत कृत्यों के कारण देश की उपासना समाचार पत्र से निष्कासित कर दिया गया है। आम जनमानस की जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।

–संपादक
दै. देश की उपासना

## ताइक्वांडो में पदक जीतकर बढ़ाया राजधानी का मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आगरा में आयोजित 'प्रदेश स्तरीय' माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2022 में लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज के 7 खिलाड़ियों (बालक ,बालिका वर्ग में )



मोहम्मद शालिन, अंकुश गौतम, भीमसेन भट्ट, प्रखर सिंह ,जानवी वर्मा, खुशी यादव ,मोहिनी सिंह ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक और कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रबंधक ,उप प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या वेनिका शर्मा ने विजयी बालक ,बालिकाओं को आशीर्वचनो के साथ उनका उत्साहवर्धन करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुरानी पेंशन बहाली के धरने हेतु शिक्षकों ने भरी हुंकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आगामी दिनांक 20 सितंबर को एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन के क्रम में जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में सभी ब्लॉक और तहसीलों प्रभारियों ने शिक्षकों से संपर्क अभियान तेज कर दिया गया है,



इसी क्रम में आज ब्लाक रामपुर और रामनगर में जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह,जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल एवं जिला प्रचार मंत्री अनुज सिंह के नेतृत्व में जनपदीय टीम ने रामपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नोनारी में और रामनगर के बी आर सी पर अध्यापकों के साथ क्रमिक बैठक की एवं आगामी धरने के विषय पर अपनी रणनीति के बारे में चर्चा की इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल ने कहा कि पेंशन की लड़ाई हमारे और आपके स्वाभिमान की लड़ाई है सरकार इसे अनदेखा नहीं कर सकती जिस तरीके से और राज्यो ने पुरानी पेंशन को बहाल किया है उत्तर प्रदेश की सरकार को भी हम शिक्षक और कर्मचारियों का पुराना पेंशन बहाल कर देना चाहिए,क्योंकि समान पद के लिए वेतन भत्ते और पेंशन संवैधानिक रूप से हर राज्य में एक होना चाहिए। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ने कहा कि अभी नही तो कभी नही,सरकार हमारी जायज मांग को अनदेखा नही कर सकती। सभी शिक्षकों ने एक स्वर में धरने में प्रतिभाग करने के लिए हुंकार भरी, इस अवसर पर रामपुर ब्लाक अध्यक्ष भूपेश सिंह,रामनगर ब्लाक अध्यक्ष दिवाकर चौहान ,जयप्रकाश,सतेंद्र सिभ,अखिलेश सिंह,जितेंद्र पटेल,चंद्रसेन सिंह,श्याम सुंदर और सैकड़ों शिक्षक/शिक्षिकाए उपस्थित रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

विश्वास वह पंक्षी है जो प्रभात के पहले ही प्रकाश देखना शुरु कर देता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# इतना जटिल क्यों है भारत का भूमि बाजार

बुरी तरह से संचालित भारतीय भूमि बाजारों की आर्थिक लागत क्या है? जमीन से संबंधित खबरें और सार्वजनिक नीतियां अक्सर सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के इर्द–गिर्द घूमती हैं, जैसे टाटा नैनो सिंगुर मामला या भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन (एलएआरआर) अधिनियम, 2013। भूमि बाजारों में गड़बड़ी या इससे जुड़े विवाद के कई कारण हैं। कई दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों की तरह भारत की जटिल विरासत प्रणाली के चलते भूमि के छोटे–छोटे टुकड़े हो गए हैं, और समय के साथ भूमि का विखंडन बढ़ता जा रहा है।

वर्ष 2015 में देश में कृषि योग्य भूमि की औसत जोत का आकार 1.1 हेक्टेयर (2.7 एकड़) था, जो 1971 के 2.3 हेक्टेयर (5.7 एकड़) से कम था। छोटे–छोटे टुकड़ों के अलावा अस्पष्ट मालिकाना हक और सुस्त अदालतें देश में जमीन की खरीद को जोखिम भरा बना देती हैं। इसके अलावा, कृषि उपयोग वाली जमीन खरीदने में नौकरशाही और कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। भूमि विवाद भारतीय अर्थव्यवस्था के कई पहलुओं को प्रभावित करता है।

जैसे, बदतर तरीके से चालित भूमि बाजार भारतीय शहरों के आकार और विकास, आंतरिक प्रवास, बुनियादी ढांचे के विकास, पसंदीदा फसल, किसानों की आय, विनिर्माण उत्पादकता और विकास तथा अर्थव्यवस्था के संरचनात्मक बदलाव को प्रभावित करते हैं। भारत में 68 फीसदी कृषि जोत को सीमांत खेत माना जाता है, जो एक हेक्टेयर से कम होता है। इसके विपरीत पाकिस्तान और अमेरिका में क्रमशः 36 फीसदी और शून्य फीसदी सीमांत खेत हैं।

नीतियों एवं विनियंत्रण के कारण छोटे भूखंड चकबंदी को कठिन बनाते हैं और कृषि उत्पादकता को नुकसान पहुंचाते हैं। शोध से पता चला है कि स्वतंत्रता के बाद सख्त बंटाई कानूनों के चलते बंटाईदारी घट गई, जिससे कृषि उत्पादकता में औसतन 38 प्रतिशत की कमी आई है। इसका एक और नतीजा यह है कि सीमांत खेतों में पर्याप्त मशीनों का उपयोग नहीं हो सकता, न ही नकदी फसलों की खेती हो सकती है। यानी ऐसे खेतों से ज्यादा लाभ नहीं उठाया जा सकता।

भारत में दो फीसदी विनिर्माण कंपनियों के पास दस या उससे ज्यादा कर्मचारी हैं, जबकि मैक्सिको और अमेरिका में ऐसी कंपनियों की संख्या क्रमशः आठ और चालीस फीसदी है। यह बड़ी समस्या है, क्योंकि बड़ी कंपनियां कम शिक्षित श्रमिकों के लिए ज्यादा रोजगार पैदा करती हैं। बड़ी भारतीय कंपनियां (दस या ज्यादा कर्मचारियों वाले) 35 फीसदी विनिर्माण श्रमिकों को रोजगार देती हैं, जबकि मैक्सिको में ऐसी कंपनियां 78 फीसदी विनिर्माण श्रमिकों को रोजगार देती हैं।

भारत में विनिर्माण कंपनियों के विकास न करने का एक कारण भूमि विवाद भी है। यदि कोई कंपनी अपना विस्तार करना या एक नई फैक्टरी लगाना चाहती है, तो उसे जरूरी भूमि अधिग्रहण के लिए सौ से ज्यादा भूस्वामियों से बात करनी पड़ती है। ऐसा परिवहन उपकरण और रसायन निर्माण जैसे उद्योगों के मामले में खासकर होता है। अमेरिका और भारत में ऑटोमोबाइल संयत्र के लिए भूमि अधिग्रहण के उदाहरण से इसे बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।

इंडियाना में अपने फोर्ट वायने ऑटो संयंत्र के लिए कंपनी के महानिदेशक ने 29 भूस्वामियों से 379 हेक्टेयर भूमि दो महीने में खरीद ली। जबकि टाटा नैनो संयंत्र मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने 12,000 भूस्वामियों से 13,970 से अधिक भूखंडों को मिलाकर 404 हेक्टेयर भूमि एकत्र की थी। मैंने अपने शोध में पाया कि भूमि विवाद के चलते विनिर्माण कंपनियां टुकड़ों में भूमि अधिगृहीत करती हैं, और कई बार जमीन हासिल करने के लिए वर्षों इंतजार करती हैं।

सरकारी कंपनियों की तुलना में निजी कंपनियां छोटे–छोटे टुकड़ों में जमीन खरीदती हैं। इसके अलावा कंपनियों को जमीन की कीमत से ज्यादा खर्च पर्याप्त भूखंड एकत्र करने में करना पड़ता है। भूमि एकत्रीकरण की लागत दो रूपों में आती है–निश्चित लागत और परिवर्तनीय लागत। अपने यहां भूमि एकत्रीकरण के मामले में परिवर्तनीय लागत निश्चित लागत से ज्यादा मायने रखती है। प्रति हेक्टेयर परिवर्तनीय भूमि एकत्रीकरण लागत भूमि के आकार के साथ बढ़ती है।

इसलिए बड़ी कंपनियों के लिए लागत बहुत ज्यादा होती है। ऐसा भूखंडों के छोटे आकार एवं अस्पष्ट मालिकाना हक के कारण होता है। निजी कंपनियों को सरकारी कंपनियों की तुलना में तीन गुना ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। कई राज्यों में कंपनियां भूमि के लिए विक्रय मूल्य से दो गुना ज्यादा भूमि एकत्रीकरण के लिए भुगतान करती हैं। हमें समझना चाहिए कि सीमांत कृषि भूमि पर खेती आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है और लाखों परिवारों के लिए आय का एकमात्र स्रोत है, भले ही उसका उत्पादक रूप से उपयोग न किया गया हो।

भले ही हम केवल सीमांत किसानों के लाभ को अधिकतम करने की परवाह करते हों, पर ऐसा कोई कारण नहीं है कि कृषि क्षेत्र में भूमि समेकन नीतियां आज भारत में अवैध हैं। भूमि एकत्रीकरण टकराव को देखते हुए भारत में बाजार समाधान कामयाब नहीं होने वाला है, जिसमें बिचौलिए सौदेबाजी करते हैं और जब तक अधिकतम लाभ नहीं मिलता, जमीन को खरीदते–बेचते रहते हैं। ऐसे में हमारे पास दो संभावनाएं बचती हैं।

पहली संभावना लैंड पूलिंग नीतियां हैं, जो कई राज्य सरकारें वर्तमान में विभिन्न पैमानों पर कर रही हैं। लैंड पूलिंग निश्चय ही विनिर्माण कंपनियों की कुल लागत कम करेगी और उनकी विकास दर में वृद्धि करेगी। दूसरी संभावना सरकारी एवं निजी कंपनियों के लिए भूमि एकत्रीकरण लागत कम करने की है। इसके लिए सरकार ने जमीन के पुराने दस्तावेजों को डिजिटाइज करने का काम पहले ही शुरू कर दिया है। 30.2 करोड़ पंजीकरण रिकॉर्ड (आरओआर) में से 94 फीसदी पहले ही डिजिटाइज हो चुके हैं।

इसके अलावा, 13.5 प्रतिशत गांव के नक्शों का पुनः सर्वेक्षण किया गया है, हालांकि ये नक्शे आरओआर या विभिन्न राज्यों की अदालती व्यवस्था से जुड़े हैं या नहीं, यह पता नहीं है। एक बार डिजिटलीकरण और पुनर्सर्वेक्षण की इन मूलभूत बाधाओं को दूर करने के बाद भी भूमि का विखंडन कुछ हद तक भूमि एकत्रीकरण के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बना रहेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ मे बडे उत्साह से मनाया गया अभियंता दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, जो एक महान विद्वान, शिक्षाविद और भारत के सबसे प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर थे की 162वीं जयंती के अवसर पर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 15 सितंबर 2022 को 55वां इंजीनियर दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ उनके चित्र पर माल्यार्पण और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भाषणों के साथ आयोजित किया गया। शरद सिंह, सीईओ, एसएमएस, इस अवसर पर सभी इंजीनियरिंग संकाय और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर (डॉ.) मनोज मेहरोत्रा, निदेशक, एसएमएस सभी इंजीनियरिंग बिरादरी और छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश को आगे बढाने के लिए सीखना जारी रखना चाहिए। प्रोफेसर (डॉ.) भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने भारत रत्न, सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा किए गए अग्रणी कार्यों के बारे में सभा को संबोधित किया और इंजीनियरों की बिरादरी को भी सर एम विश्वेश्वरैया नक्शेकदम पर चलने और राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान प्रेरित किया। उमेश चंद्र ने कहा कि हमें ऐसे महान लोगो से सबक लेने और भारतवर्ष को प्रगति की राह पर आगे ले जाने के लिए कार्य करना



चाहियें। प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर ने राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बताने के साथ–साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्य इंजीनियर भी इस कार्यक्रम के साक्षी रहे जैसेः डॉ पीके सिंह, डीन–छात्र कल्याण, डॉ हेमंत कुमार सिंह, डीन–इंजीनियरिंग, प्रो आमोद पांडे, प्रिंसिपल–डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डॉ अमरजीत सिंह, विभागाध्यक्ष–ईई और श्री पंकज कुमार यादव, विभागाध्यक्ष–मैकेनिकल, डा. आशा कुलश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष– सिविल और कई संकाय सदस्य। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अजय सिंह, यादव, सहायक प्रोफेसर–प्प्, एसएमएस, लखनऊ द्वारा किया गया था।

# "लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष ने की एसजीपीसी अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट"

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर धार्मिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी में यूपी से दो सदस्यों के प्रतिनिधित्व का प्रस्ताव रखा। श्री धामी ने इस प्रस्ताव पर विचार करने का आश्वासन दिया। राजेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि 2004 में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के 400वे प्रकाश पर्व पर शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा धार्मिक जागरूकता हेतु ' मार्च ' का आयोजन किया था। इस क्रम में यह धार्मिक मार्च यात्रा अमृतसर से लखनऊ पहुंची। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष के रूप में मुझे इस धार्मिक मार्च यात्रा का स्वागत समूह संगत के साथ लखनऊ में करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। इस यात्रा के दौरान शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य के रूप में दल में शामिल थे। इस दल के ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला पहुंचने पर स्वागत किया था। यहां से सिख संगत इस धार्मिक जागरूकता मार्च में शामिल हुई एवम् बखघ्शी का तालाब पहुंचकर इस दल को सत्कार के साथ आगे के लिए रवाना किया। उसके पश्चात वर्तमान में शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष



हरजिंदर सिंह धामी से अमृतसर में शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट हुई। श्री बग्गा जी ने बताया की मुलाकात के दौरान उन्होंने श्री धामी के साथ धार्मिक पहलुओं पर चर्चा की एवम् एसजीपीसी में यूपी से दो सदस्यों के प्रतिनिधित्व का प्रस्ताव रखा। श्री बग्गा जी ने बताया की आजादी से पहले यूपी से एक सदस्य एसजीपीसी में नामित था । लेकिन अभी तक एसजीपीसी में तराई क्षेत्र का ही प्रतिनिधित्व रहा है। अब यूपी व उत्तराखंड अलग अलग हो चुके है। ऐसे में बड़े राज्य के रूप में अपनी पहचान रखने वाले यूपी से कम से कम दो सदस्यों को एसजीपीसी में शामिल किया जाए।साथ ही श्री बग्गा ने आग्रह किया कि गुरमत ज्ञान से परिपूर्ण एवं धार्मिक कार्यक्रमों में रुचि रखने वाले गुरु घर के सिख को ही सदस्य के रूप में नामित किया जाए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष ने लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए विचार करने का आश्वासन दिया।

# प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युद्वय योजना जारी

उमाकान्त श्रीवास्तव , ब्यूरो चीफ शाहजहांपुर : जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) वंदना सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पी०एम० अजय ( प्रधानमन्त्री अनुसूचित जाति अभ्यूदय योजना) का संचालन किया गया है। इस योजना में भारत सरकार से चयनित प्रधानमन्त्री आदर्श ग्रामों में निवास करने वाले अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को समाज की मुख्य धारा में लानें के लिए चलाई गयी है। योजना में समूह के माध्यम से कार्य करने के इच्छुक लाभार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा। प्रत्येक समूह में कम से कम लाभार्थियों की संख्या 10 होगी। समूह में कार्य करने के इच्छुक लोगो को अनुदान घटक के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को समूह / समिति के रूप में सम्मिलित करते हुए तीन घटक , कौशल विकास , आय सृजन योजनाए , अवसंरचना निर्माण के क्षेत्रो में से अनिवार्यता दो घटकों को शामिल करते हुए मार्केटिग लिंकेज के दृष्टिगत यूनिट का सृजन किया जाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) / जिला प्रबन्धक अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम ने बताया कि अनुसूचित जाति का कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सकेगा । उक्त



योजना हेतु आय की अधिकतम सीमा की शर्त को समाप्त कर दिया गया है परन्तु 2.50 लाख रूपये तक के सलाना आय वाले अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी । प्रत्येक लाभार्थी को पूर्व की भांति मिलने वाले अनुदान रूपये दस हजार की सीमा को बढ़ाकर रूपये 50 हजार कर दिया गया है। समूह में काम करने के इच्छुक आदर्श ग्राम हेतु चयनित गाँव में निवास करने वाले व्यक्ति पी०एम०अजय योजना के लिए जिला प्रबन्धक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम लिमिटेड कार्यालय विकास में आवेदन कर सकते है।

### भाजपा नेता शरद पाठक बाबा ने विभिन्न समस्या को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)मेयर पद प्रत्याशी व वरिष्ठ भाजपा नेता शरद पाठक बाबा ने देवकाली चौराहे से देवकाली बाईपास दर्शन नगर के मार्ग चौड़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। देवकाली के सैकड़ों लोगों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर उन्होंने ज्ञापन दिया।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शरद पाठक बाबा ने बताया कि उस मार्ग पर रहने वाले व्यक्ति अत्यंत गरीब हैं उस मार्ग पर दुकान आदि करके अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं उस मार्ग पर किनारे बने हुए घरों पर सरकार द्वारा 13–13 मीटर चिन्हित किया गया है जिससे वहां रहने वाले लोगों के व्यापारिक प्रतिष्ठान व मकान को अत्याधिक क्षति पहुंच रही है इसलिए आज हम जिलाधिकारी के माध्यम से उक्त चौड़ाई को 13–13 मीटर की जगह 10–10 मीटर करने का निवेदन कर रहे हैं जिससे लोगों को अपने परिवार के पालन–पोषण करने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

## स्वावलंबी अनुराग श्रीवास्तव तैयार कर रहे गिलोय का काढ़ा पाउडर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कोरोना संक्रमण से खतरा बढ़ा तो लोग इम्युनिटी सिस्टम मजबूत करने पर जोर देने लगे। हरदोई के सवाजयपुर तहसील क्षेत्र के रहतौरा निवासी अनुराग श्रीवास्तव ने आपदा को अवसर में बदलने की ठानी। अनुराग श्रीवास्तव ने हवन सामग्री तैयार करनी शुरू कर दी। जिसे बेचकर स्वयं के साथ प्रज्ञा मंडल के सभी सदस्य कमाई कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। हरदोई के रहतौरा निवासी अनुराग श्रीवास्तव बताते हैं कि प्रज्ञा मंडल में 24 सदस्य है, जो गिलोय एकत्र करने के साथ साथ चारे वाली मशीन से उसके टुकड़े करने, सुखाकर कूटने और अदरक, तुलसी, काली मिर्च, हल्दी व सेंधा नमक डालकर काढ़ा पाउडर तैयार करते हैं। यह काढ़ा इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत करता है। गिलोय से बने काढ़े के 50 ग्राम व 100 ग्राम के पैकेट तैयार किए जाते हैं। समाजसेवी अनुराग श्रीवास्तव बताते हैं कि इसके अलावा गिलोय से हवन सामग्री तैयार की जाती है, जिसमें आंवला, हर्र, बहेड़ा, जौ, लाल चंदन आदि मिलाया जाता है। इसके 100–100 ग्राम के पैकेट तैयार किए करते हैं। काढ़ा और हवन सामग्री के पैकेट बिक्री कर मंडल के प्रत्येक सदस्य को पांच से छह हजार



रुपये की कमाई हो रही है। पांच रुपये में खरीदते गिलोय : गिलोय जिसे अमृता, गुर्च के नाम से भी जाना हाता है। ग्रामीण क्षेत्र में इसे पूछने वाला कोई नहीं था, लेकिन वह अब किसी अमृत से कम नहीं है। गिलोय का प्रयोग कई दवाओं में हो रहा है। प्रज्ञा मंडल के सदस्य बेलनुमा गिलोय के पेड़ की स्वयं कटिंग कर पांच रुपये किलो में खरीदते हैं। 10 रुपये में 10 ग्राम काढ़ाः अनुराग श्रीवास्तव बताते हैं कि 10 रुपये में 10 ग्राम का काढ़ा पाउडर का पैकेट मिलता है। 250 ग्राम पानी को उबालकर एक चम्मच काढा पाउडर डालने के बाद इच्छानुसार गुड़ मिलाकर छान लें। नीबू का रस मिला सकते हैं। यह बुखार को भी ठीक करता है।

# उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बच्चों को चॉकलेट बांटकर मनाया जन्मदिन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव हरदोई : तहसील सदर की एसडीएम स्वाति शुक्ला व्यक्तित्व की धनी, पारदर्शिता के साथ बिना भेदभाव के कार्य करने वाली कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जानी जाने वाली एवं शासन के मंशानुरूप कार्य करना,जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका पारदर्शिता के साथ निराकरण करना दलित, असहाय और कमजोर लोगों की बनी मसीहा अपने कार्य क्षेत्र में जनता के बीच कुशल एवं निष्पक्ष बेहतरीन कार्यशैली उनकी पहचान बन चुकी है। इसी तरह उन्होंने अपने जन्मदिन को भी यादगार के रूप में अपने सदर कार्यालय में छोटे बच्चों के साथ केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।बच्चों ने एसडीएम स्वाति शुक्ला को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।साथ ही एसडीएम साहिबा ने बच्चों को चॉकलेट देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर



पर मौजूद अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चे काफी खुश दिखाई दिये। साथ ही सभी ने एसडीएम स्वाति शुक्ला को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# धोखाधड़ी के आरोप में स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर अभियोग दर्ज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बहला–फुसला कर भगा ले जाने के मामले में साजिश के तहत स्कूल के दस्तावेज में हेराफेरी के मामले में सीजेएम की अदालत के आदेश पर स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य के अलावा छात्रा के मां–बाप के खिलाफ धारा 419/420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। धनश्याम पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी 2151/बी–15 गली नंबर–10 शादीपुर डिपो न्यू पटेल नगर नई दिल्ली ने सीजेएम की अदालत में दी अर्जी में कहा था कि पचदेवरा थाने के वीरमपुर निवासी कुलदीप उर्फ हरद्वारी पुत्र दयाराम अपनी पत्नी मीना देवी और पुत्री शिवानी के साथ दिल्ली में किराए पर रह रहा थाध्। इसी बीच धनश्याम और शिवानी के बीच दोस्ती हो गई। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। शिवानी ने धनश्याम से शादी करने के लिए कहा,चूंकि वह बालिग थी, धनश्याम ने सारी पड़ताल करने के बाद उससे शादी के लिए हां कर दी और दोनों ने शादी भी कर ली। इधर उसकी मां मीना देवी ने धनश्याम के खिलाफ यह दलील देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई कि शिवानी नाबालिग है। अपनी इसी दलील को सच साबित करने के लिए मीना देवी और उसके पति कुलदीप उर्फ हरद्वारी ने विवेकानंद पब्लिक स्कूल के तत्कालीन प्रबंधक और प्रधानाचार्य से सांठगांठ करते हुए शिवानी के स्कूली दस्तावेजो में जन्मतिथि में हेराफेरी करतें हैं धनश्याम के खिलाफ साजिश को अंजाम दिया। धनश्याम ने अदालत को बताया कि दस्तावेज को देखने से ही पता चलता है कि हेराफेरी करतें हुए फर्जीवाड़ा किया गया है। उसने आगे कहा कि वह अपनी बेगुनाही का सबूत लिए–लिए डीएम और एसपी के यहां भटकता रहा, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। धनश्याम की इस अर्जी पर सीजेएम की अदालत ने स्कूल के तत्कालीन प्रबंधक और प्रधानाचार्य के अलावा मीना देवी और उसके पति कुलदीप उर्फ हरद्वारी के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश जारी किया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफ धारा 419/420 के तहत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# राज्य एवं केन्द्र सरकार शिक्षा के विकास के लिए निरंतर यत्नशील है:सौरभ मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय कुरसेली में शिक्षक उन्नयन गोष्ठी व निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा कराया गया । गोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय सौरभ मिश्र नीरज जी जिलाअध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी तथा अध्यक्षता श्री शिव शंकर पांडे प्रांतीय कोषाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने की, मीटिंग को संबोधित करते हुए ,जिला अध्यक्ष भाजपा सौरभ मिश्र ने कहा कि सरकार की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि हमारे प्रदेश व देश की शिक्षा व्यवस्था अच्छी होगी तो हमारा देश व प्रदेश दोनों तरक्की करेंगे ,हमारी सरकार लगातार बेसिक शिक्षा में निशुल्क ड्रेस जिसका पैसा सीधे अभिभावक खाते में भेजा जा रहा है सभी लोग अपने बच्चे को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। बैठक सभा अध्यक्ष श्री शिव शंकर पांडे उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सभी शिक्षक बड़ी मेहनत के साथ शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु बड़ी मेहनत करते हैं सरकार ने निपुण भारत का जो सपना सरकार ने देखा है वह बहुत ही जल्द हासिल होगा सभी शिक्षकों से अपील करते हुए




कहा कि हमारे शिक्षकों के ऊपर पूरे समाज का जो भार है उसे बखूबी निभाए वह जिससे समाज शिक्षित बने ।बैठक को विशिष्ट अतिथि श्री अक्षत पांडे वह भाजपा नेता गोविंद पाठक ने भी संबोधित किया। अतिथि भरखनी ब्लॉक अध्यक्ष संदीप त्रिवेदी व शिव ओम कटियार रहें।अध्यक्ष अनुराग अवस्थी व मंत्री विजय राजपूत ,सुधीर राजपूत ,विनय यादव,सुनील वर्मा, ।पंकज त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष ,मोहित तिवारी , वीरेंद्र कुमार, अभिषेक मिश्र सोमबीर, होरीलाल जी आदि संघ के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर निरुपमा अर्चना,मेहर निधि, राजीव पाठक,मनोज राजपूत ,सत्यपाल राजपूत आदि रहें।

# जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत धर्मापुर में चल रहे जल जीवन मिशन कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा ग्राम पंचायत धर्मापुर में चल रहे जल जीवन मिशन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन जल निगम राजेश गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत में 17 किलोमीटर पाइप डाली गई है, 661 के सापेक्ष 375 लोगों को कनेक्शन दे दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष लोगों को शीघ्र अति शीघ्र कनेक्शन दे दिया जाए। एक्सईएन जल निगम ने बताया कि प्रत्येक घर से रु 50 महीना चार्ज किया जाएगा और निःशुल्क कनेक्शन दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था वेलस्पन को निर्देशित किया कि जो भी कार्य करा रहे हैं उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और प्रतिदिन 500 से 600 कनेक्शन दिए जाए। जिलाधिकारी ने वेलस्पन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि मजदूर, मशीनों की संख्या बढ़ाकर त्रीव गति से कार्य कराएं। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से वार्ता कर पानी के संबंध में जानकारी ली और कहा कि अधिक से अधिक लोग जल का कनेक्शन ले ले। एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि स्टोर पर स्वयं जाकर सामान की गुणवत्ता की जांच करें। जिलाधिकारी ने पानी की टंकी की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि संभव हो तो



बगल में बने स्टोर रूम की जगह नई टँकी बनाए जाने का डीपीआर बनाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि थर्ड पार्टी से कार्यों की जांच कराई जाए। एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान एवं सचिव की बैठक कराई जाए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, वेलस्पन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंदर कुमार, केके तिवारी, जेई जल निगम विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जेसीआई जौनपुर क्लासिक का उत्सव दिवस संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर की अग्रणी सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास की संस्था जेसीआई जौनपुर क्लासिक द्वारा संपन्न हुए महान दिवस उत्सव कार्यक्रम शहर के प्रतिष्ठित होटल में शानदार तरीके से संपन्न हुआ जिसमें जेसीआई की स्थापना 15 सितंबर को विशेष महत्व दिया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में माननीय बृजेश सिंह ''प्रिन्सू'' सदस्य विधान परिषद एवं विशिष्ट अतिथि राकेश श्रीवास्तव जी की गरिमामय उपस्थिति रही दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जेसीआई वीक चेयरमैन राजेश किशोर जी द्वारा पूरे सप्ताह चलने वाले जेसीआई सप्ताह कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जेसीआई सप्ताह के सभी कार्यक्रम संयोजक को उनके उत्कृष्ट कार्यक्रम के लिए पुरस्कृत किया जेसीआई उत्सव कार्यक्रम के संयोजक अविनाश गोयल ज्ञानेंद्र साहू रहे जेसीआई जौनपुर क्लासिक के अध्यक्ष अभिताश गुप्ता ने संस्था के पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर पूर्व अध्यक्ष अजय गुप्ता जी का संस्था द्वारा माल्यार्पण अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया, सह सचिव योगेश साहू जी ने शानदार संचालन से सभी का ध्यान आकर्षित किया कार्यक्रम में श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष जी की गरिमामय उपस्थिति रही जेसीआई पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह राणा जी एवं रोटरी क्लब के




वर्तमान अध्यक्ष अनिल साहू जी ने आशीर्वाद स्वरुप अपनी उपस्थिति दर्ज कराई उत्सव कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया जी ब्रह्महेश शुक्ला जी संस्कार भारती के सचिव अमित जी एवं सह कोषाध्यक्ष मनीष अस्थाना जी लायंस क्लब के अध्यक्ष सचिव गणपति पूजा महासमिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष सचिव व्यापार मंडल के अध्यक्ष सचिव एवं अन्य संस्थाओं से भी गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेसीआई जौनपुर क्लासिक के सम्मानित सदस्य विष्णु सहाय, राजेश अग्रहरी , रसाल बरनवाल, शिवम सिंह ,रंजीत सिंह, योगेश साहू–2, संजीव साहू ,राजकुमार कश्यप, कार्तिक सेठी, अरुण केसरी, बालकृष्ण साहू, शुभम कसौधन, यश बैंकर, अभिषेक बैंकर, नवीन साहू, अभिषेक जायसवाल ,हर्षित अग्रहरी, सपरिवार उपस्थित रहे संस्था सचिव आशीष गुप्ता ने कार्यक्रम उपरांत सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया

# बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा

जौनपुर सू.वि. : बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत माह सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। आज राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2022 के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के द्वारा लोकभवन ऑडिटोरियम में 199 आंगनबाड़ी केन्द्र का शिलान्यास तथा 501 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया गया साथ ही सक्षम पुस्तिका का भी लांच किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ही कलेक्ट्रेट सभागार में 4 आंगनबाड़ी केन्द्रों नाहरमऊ (सुजानगंज), नाऊपुर (केराकत), किर्तापुर (धर्मापुर), रायपुर (धर्मापुर) का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण सदस्य विधान परिषद मा0 बृजेश सिंह 'प्रिंशु' तथा मा0 संदीप द्विवेदी (प्रतिनिधि सांसद, मछलीशहर) के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एक आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण में 7.52 लाख रूपये की लागत आयी है। इसमें मनरेगा का 4.46 लाख, पंचायत विभाग का 1.06 लाख, बाल विकास विभाग का 2.00 लाख अंश है। सक्षम पुस्तिका के माध्यम से



आंगनबाड़ी कार्यत्रियों का क्षमतावर्धन होगा। सहयोग एप के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जायेगा तथा बाल पिटारा एप के माध्यम से बच्चों को शालापूर्व शिक्षा दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, ग्राम प्रधान व आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सिरकोनी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर0बी0 सिंह उपस्थित रहे।

# प्रांतीय पुलिस सेवा के सात अफसरों के तबादले : जानें किसे कहां मिली तैनाती

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार ने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के सात पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमे अमेठी के एएसपी विनोद कुमार पांडेय को एटा का अपर पुलिस अधीक्षक अपराध बनाया गया है। इस पद पर तैनात स्नेहलता को एटा से हटाकर 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है। इसी प्रकार मथुरा के एएसपी ट्रैफिक रहे हरेंद्र कुमार को अमेठी एएसपी बनाया गया है जबकि सीबीसीआईडी आगरा सेक्टर में तैनात राकेश कुमार सिंह प्रथम को गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर का एएसपी सुरक्षा और यहां तैनात लाल भरत कुमार पाल को एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। इनके अलावा एडीजी प्रयागराज के स्टाफ आफिसर देवेश कुमार शर्मा को मथुरा में एएसपी ट्रैफिक और चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज के उप सेनानायक प्रवीन सिंह चौहान को वहीं पर एडीजी जोन का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

# उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान ने मनाया इंजीनियर्स डे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को इंजीनियर्स डे के अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था आत्मनिर्भर भारत में इंजीनियरों की भूमिका। इस अवसर पर बतौर मुख्य



वक्ता उत्तर प्रदेश राज्यपाल के पूर्व लीगल एडवाइजर एस एस उपाध्याय ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वेश्वरैया जी की क्रांति को भुलाया नहीं जा सकता उनके प्रयास से देश विकास की राह पर है। कहा कि जितने भी अच्छे शोध हुए हैं वे अभाव में हुए हैं। उनका रिश्ता गांव से ही रहा है। उन्होंने साइबर क्राइम पर विस्तार से प्रकाश डाला और इससे बचने के उपाय भी बताएं। साइबर अपराध से बचने के लिए अपने पासवर्ड और अन्य गोपनीय चीज किसी से शेयर नहीं करें। साइबर अपराधियों से बचने के लिए सचेत रहने की जरूरत है। आईआईटी बीएचयू के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ने कहा इंजीनियरिंग की पढ़ाई मातृभाषा में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की शुरुआत पॉलिसी और कानून से होती है । बिजली इंजीनियर बनाता है लेकिन बेच नहीं सकता, बेचने के लिए कानून बना है। कहा कि होम एरिया नेटवर्क में मशीनें बोलेंगी कब, क्या इसकी जरूरत है। यह सूचना इंटरनेट के माध्यम से आपके पास जाएगी। टेक्नोलॉजी के मामले में हम विश्व में कहीं पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली की कीमत पर समाज का नजरिया सकारात्मक हो नहीं तो यह अधिक लोगों की पहुंच से दूर हो जाएगी। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सबसे बड़ा अभियंता भगवान है, जिसने सृष्टि की रचना की। रामायण, महाभारत के समय भी इंजीनियर थे, जिन्होंने पुष्पक विमान बनाया था। एम विश्वेश्वरैया ने राष्ट्र निर्माण में काफी अहम योगदान दिया था। उन्होंने भारत के बांधों, जलाशयों और जल विद्युत परियोजना के निर्माण में अहम भूमिका अदा की थी। संकायाध्यक्ष प्रो बीबी तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वेश्वरैया जी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रो.संदीप सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। शिक्षकों ने संस्थान में स्थापित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इंजीनियरिंग संस्थान में विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान क्विज, पोस्टर प्रस्तुतीकरण, एक्सटेंपोर रंगोली और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन शेफाली, धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रो.वंदना राय, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डा. गिरधर मिश्र,. संतोष कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ संजीव गंगवार, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ प्रवीण कुमार सिंह ज्योति प्रशांत सिंह, पूनम सोनकर, प्रीति शर्मा, जया शुक्ला आदि उपस्थित रहीं।

# वाद विवाद में द्विव्या को प्रथम शिवम् देव को मिला द्वितीय पुरस्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में राष्ट्रीय हिंदी सप्ताह समारोह के तीसरे दिन शुक्रवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार ''दिव्या भदौरिया'' द्वितीय पुरस्कार विजेता ''शिवम् देव पांडेय एवं आयुष गुप्ता'' , तृतीय पुरस्कार विजेता ''कशिका श्रीवास्तव एवं शैलेन्द्र प्रताप सिंह'' रहे। निर्णायक मंडल कार्यक्रम में डा. इंद्रेश कुमार गंगवार एवं प्रांकुर शुक्ला रहे। संचालन नेहा विश्वकर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, डा. आशुतोष कुमार सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, अनुपम कुमार, राकेश उपाध्याय, नितिन चौहान अन्य उपस्थित रहे।

## ओ0डी0ओ0पी0 एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादो को बढावा हेतु जनपद स्तर पर होगा तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने सर्व साधारण अवगत कराया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार वोकल फार लोकल के अन्तर्गत ओ0डी0ओ0पी0 एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादो को बढावा हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह जौनपुर में 23 सितम्बर 2022 से 25 सितम्बर 2022 तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जनपद के उद्यमियों, हस्तशिल्पियों एवं एक जनपद एक उत्पाद बुनकरो (ऊनी दरी) सम्बन्धित उत्पादो के प्रदर्शनी हेतु स्टाल आवंटन के लिये प्रदर्शनी आयोजन से दो दिन पहले (19 सितम्बर 2022 तक) कार्यालय, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर मे अपने आवेदन पत्र समस्त अभिलेख के साथ जमा करना सुनिश्चित करें जिससे स्टाल आवंटन की कार्यवाही ससमय की जा सके।

# बारिश के चलते भरभरा कर गिर गया मकान : मासूम की दर्दनाक मौत : तीन घायल

रायबरेली ब्यूरो : रायबरेली शहर कोतवाली क्षेत्र में मकान गिरने से एक मासूम की मौत हो गई जबकि 3 लोग घायल हो गए। घटना से हड़कंप मच गया। डीएम ने पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। शहर कोतवाली के जोशियाना मुरैयापुर निवासी राजन परिवार के साथ पुराने मकान में रहते हैं। जिले में कल से रुक रुक कर बारिश हो रही है। क्षेत्र में सुबह एक मकान



भरभरा कर गिर गया, जब पूरा परिवार नाश्ता कर रहा था। मकान के मलबे में दबकर महिला मंजू, दस वर्षीय बेटा रजनीश, छह वर्षीय बेटी रजनी और ढाई वर्षीय बेटा रजनीश जख्मी हो गए। पड़ोसियों की मदद से सभी को मलबे से निकाल कर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने ढाई वर्षीय मासूम रजनीश को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य तीन को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है। मामले में डीएम माला श्रीवास्तव ने दुख जताते हुए एसडीएम सदर शिखा संखवार को निर्देश दिया कि तुरंत मौके पर जाकर आर्थिक सहायता सहित पूरी मदद करें। एसडीएम सदर शिखा शंखवार और नायब तहसीलदार सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जिला अस्पताल के डॉ. जेके लाल ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है।

# भारी बारिश ने भी नहीं रोक सकी भारत की जनवादी नौजवान सभा के जुलूस का कारवा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक भारी बारिश के बावजूद पूर्व प्रदेश महासचिव सत्यभान सिंह के नेतृत्व में भारत की जनवादी नौजवान सभा के राष्ट्रीय आवाहन पर ''बेरोजगारी व महिला के खिलाफ'' रोजगार के लिए.नारे के साथ जुलूस निकाला।जो गुलाबबाड़ी से''युवा मार्च'' निकाला कर इंकलाबी नारे,बेरोजगारों को काम दो,सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में खाली पदों को तत्काल भरो, बेहतर निःशुल्क शिक्षा सभी छात्रों को उपलब्ध करो, बेहतर एवं सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं सभी को उपलब्ध कराओ,युवा विरोधी व देश विरोधी अग्निवीर योजना वापस लो,शिक्षा, स्वास्थ, बैंक,बीमा,रेलवे इत्यादि सरकारी संस्थानों का निजीकरण पर तत्काल रोक लगाओ,लोकतन्त्र व संविधान पर हमले बन्द करो, सरकार की नीतियो का विरोध करने वालो का दमन बन्द करो, शिक्षा पर पर्याप्त बजट खर्च करो, शिक्षा का साम्प्रदायिकरण और केंद्रीकरण करना बंद करो,मनरेगा में बजट बढ़ाओ, 200 दिन काम व 600 रुपये मजदूरी सुनिश्चित करो,देश– प्रदेश में बन्द पड़े सभी सरकारी व प्राइवेट कल कारखानों को तत्काल शुरू करो और स्थानीय मांग में पूरा ब्लाक के सनेथू सभा मे शौचालय बनवाई जाय, 00म0 अधिकारियों से भौतिक सत्यापन कराया जाय,वजीरगंज चेला छावनी मोहल्ले में सड़क बनवाने,नरेंद्रालय प्रेक्षा गृह को मरमत करा के आम जनता के लिए खोला जाय,आदि समस्याओं को लेकर मार्च निकाला और दो मांग पत्र सौंपा गया।जिसमे 10 सूत्रीय मांग पत्र राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित व 15 सूत्रीय मांग पर स्थानीय सवालों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष कॉमरेड धीरज द्विवेदी, जिलासचिव कॉम शेरबहादुर शेर व जिला प्राभारी कॉम विश्वजीत सिंह राजू कर रहे थे।मार्च 12,30 पर गुलावबाड़ी से रीडगंज ,चौक,रिकाबगंज पहुंचा ही था कि तेज बारिश शुरू हो गई और क्रांतिकारी साथी भीगते हुए इंकलाबी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते हुए गांधी पार्क पर पहुंचा और जनौस की नेता कॉम रामरती की अध्यक्षता में सभा शुरू हो गया।सभा मे सबसे पहले कॉम रामजी तिवारी



ने क्रन्तिकारी गीत सुनाया। इस मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव कॉम सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार न देकर धोखा कर रही है।युवाओं के रोजगार के लिए ठोस कानून बनाना होगा।युवाओं की अनदेखी करके सरकार ज्यादा दिन तक सत्ता में नही रह सकती। इस मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुए मण्डल प्रभारी कॉम विनोद सिंह ने कहा कि आज पूरे जिले में लूट मची है।पूरे जिले के अधिकतर गांवों शौचालय नह बना है सनेथू,कर्मा कोरडी,मलखानपुर ,अनैयाभारी,तिहुरा माझा सहित कई गांवों में नही बना है,न सड़क न नाली बनी है।शहर में चारो तरफ गंदगी का अंबार लगा है।नाली नही है सड़क नही,जिला चिकित्सालय में व्याप्त भ्र्ष्टाचार पर रोक लगाना बहुत महत्वपूर्ण है।इसके साथ ही वजीरगंज में हनुमान मंदिर के बगल मांस व दारू की दुकान है इससे पूरी सड़क जाम रहती है।और आये दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता है।जिससे वहां के निवासियों का जीना दूभर हो गया है।युवा मार्च में माकपा नेता कॉम अशोक यादव,जिला उपाध्यक्ष कॉम शिवधर द्विवेदी,महावीर पाल,साथी विनय कुमार सिंह,बालकिशन यादव,आलोक तिवारी,कॉम आमीन,अतुल वर्मा,रामनायक सिंह,विश्राम प्रजापति,कॉम अर्जुन यादव,कॉम रामसुरेश निषाद,कॉम रामरती,रामपाल,कॉम इंद्रावती,कॉम विनोद,कॉम अर्जुन के साथ साथ उनके अलावा कॉम कालीचरण,रिंकू,अमरजीत,शिवकुमार पल्लन सहित सैकड़ों युवा शामिल रहे।

## लखनऊ में दीवार गिरने से नौ लोगों की मौत : उन्नाव में भी गई तीन की जान

लखनऊ ब्यूरो : भारी बारिश से लखनऊ के कैंट के दिलकुशां कॉलोनी में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। दिलकुशा कालोनी में निर्माणाधीन दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर नौ लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। इसी तरह उन्नाव जिले में असोहा थाना क्षेत्र के कांथा मे कच्चा मकान गिरने से दो भाइयों और एक बहन सहित तीन की मौत हो गई। लखनऊ में अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अफसरों को घायलों को उचित इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है। दिलकुशा कॉलोनी में पुरानी दीवार का निर्माण कार्य चल रहा था जिसके लिए मजदूर रुके हुए थे। दीवार का वह हिस्सा गिरा जो कि पहले मजबूती से खड़ा हुआ था। हादसे से चीख पुकार मच गई। जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे, घायलों का लिया हालचाल घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार दिलकुशा कॉलोनी पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना कल रात से हो रही बारिश के कारण निर्माणाधीन दीवार गिरने से हुई। दो घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों ने दोनों को खतरे के बाहर बताया गया है। जिलाधिकारी ने सिविल हास्पिटल पहुंच कर उनका हालचाल लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे में मृत लोगों के परिजनों को आपदा राहत के अंतर्गत मुख्यमंत्री की ओर से 4–4 लाख रुपये की सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई है। घायल मजदूर ने बताया, फोन कर दी घटना की जानकारी हादसे में घायल एक मजदूर झांसी के रहने वाले राघवेंद्र का कहना है कि घटना



रात करीब 12 बजे की है। हादसे में बेहोश हुए एक आदमी को जब फोन आया तो उसने 108 नंबर पर फोन किया फिर हम लोगों को अस्पताल लाया गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर शोक प्रकट किया। लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि लखनऊ मे एक दीवार गिरने से कई लोगों की मृत्यु होने के समाचार से मुझे बहुत दुख हुआ है। जिन लोगों को इस हादसे में अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके साथ ही मैं इस दुर्घटना में घायल सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री योगी का निर्देश, तत्परता से राहत कार्य संचालित करें अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेज बारिश को देखते हुए जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कई जिलों में बारिश से फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने अधिकारियों को इसका सर्वेक्षण करने के भी निर्देश दिए।

## निरपुडा की शैली जैन व वैभव जैन ने किया गांव का नाम रोशन

बागपत पत्रकार विवेक जैन। निरपुडा गांव की रहने वाली शैली ने दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर व वैभव जैन ने ऐमजॉन कंपनी में शानदार पैकेज पर प्लेसमेंट लेकर घर–परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। इसको लेकर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीण परिवेश में बागपत जिले के एक छोटे से गाँव निरपुड़ा के पूर्व फौजी स्वर्गीय चमनलाल जैन के साधारण से संयुक्त परिवार ने कभी सोचा भी नही था कि इस माहौल में उनके घर से मेधावी निकल कर आएंगे। चार पुत्रो के परिवार में आज 18 सदस्य है। बचपन से बालको में पढ़ने की ललक लगी और परिवार का भी भरपूर समर्थन मिला। शुरुआती शिक्षा बुढाना के शारदे धाम विद्यालय से प्राप्त की। उसके बाद दो बालक जवाहर नवोदय बघरा चले गये। आज बड़े बेटे सुमेश जैन का बड़ा पुत्र ऋषभ जैन इंजीनियर बन कर कम्पनी में कार्यरत है। उससे छोटी शैली जैन दिल्ली पुलिस में दरोगा और सी जी एल से लेखा परीक्षा अधिकारी नियुक्त हुई। उसने एस एस सी सी पी ओ क्रेक कर मेरिट में स्थान बनाया और दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर में सलेक्शन लिया।



तत्पश्चात एस एस सी सी जी एल क्रेक कर लेखा परीक्षा अधिकारी पद पर सलेक्ट हुई। अब उसका यू पी एस सी का लक्ष्य है। उससे छोटी पुत्री दीपशिखा जैन एम बी ए कर प्रतिष्ठित कम्पनी में एच आर पद पर नियुक्त है और सबसे छोटे पुत्र वैभव जैन एन आई टी जयपुर ने ऐमजॉन कम्पनी में प्लेसमेंट लेकर अपने परिजनों ग्राम और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है, उनके छोटे भाई बहन भी मेधावी है।

# छठवें दीपोत्सव को गिनीज बुक में दर्ज कराने को लेकर मेलाधिकारी एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुआ मंथन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नितीश कुमार के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मेलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।इसमें दीपोत्सव मेले के सम्बंध में अभी तक किये गये कार्यो की विभागवार समीक्षा की गयी।जिसमें मुख्य रूप से लोहिया विश्वविद्यालय के दिये सम्बंधी टेण्डर और अन्य बिन्दुओं के अलावा पर्यटन, सांस्कृतिक, सिंचाई, सूचना, विद्युत, उद्यान आदि विभागों के अलावा नगर निगम, विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण आदि विभाग से सम्बंधित बिन्दुओं पर चर्चा हुई जिसमें कहा गया कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिये जाय तथा 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गो को भी जहां कमी हो उसको ठीक किया जाय। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार अयोध्या में छठवां दीपोत्सव 23 अक्टूबर 2022 को भव्य रूप से मनाया जायेगा। इस बार 14 लाख 51 हजार दीप प्रज्जवलित कर गिनीज वर्ल्ड बुक रिकार्ड बनाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 की वर्तमान लोकप्रिय सरकार द्वारा 2017 में अयोध्या में दीपोत्सव मनाये जाने का कार्यक्रम की शुरूआत की गयी थी जब से लगातार दीपोत्सव मनाया जा रहा है तथा प्रदेश सरकार द्वारा 2019 में इस दीपोत्सव कार्यक्रम को प्रान्तीय स्तर का मेला घोषित किया गया। इस मेले में अन्य वर्षो की तुलना में बहुत ज्यादा भीड़ होगा क्योंकि वर्तमान में कोविड का असर नही है इसलिए सभी विभाग आपसी तालमेल समन्वय के साथ बेहतर व्यवस्था के साथ किया जाये तथा सभी निर्माण कार्य को 30 सितम्बर 2022 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाय। स्थाई निर्माण कार्यो में प्राथमिकता दें तथा मानक के अनुसार कार्यो को गुणवत्ता के साथ समन्वय बनाकर 30 सितम्बर 2022 तक पूरा किया जाय। इस बार 14 लाख 51 हजार दीप जलाने को कहा गया है। अतः राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि टेण्डर आदि की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर ली जायेगी।इस बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन,



सिटी मजिस्टेट, अपर नगर आयुक्त, सचिव विकास प्राधिकरण सहित सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि/अधिकारी उपस्थित थे।वही दीपोत्सव मेला में एक दर्जन से ज्यादा विभागों की कार्ययोजना का बिन्दुवार विवरण विगत वर्षो के अनुसार प्रस्तुत किया गया,जिसमें पर्यटन, संस्कृति, सूचना, परिवहन, उद्यान, वन, ऊर्जा, नगर निगम, पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास विभाग, डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विवि, सिंचाई, जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, पंचायत, स्वास्थ्य, राजकीय राजमार्ग, प्राधिकरण, रेलवे, शिक्षा, हवाई पट्टी के सम्बंध में बिन्दुवार कार्ययोजना प्रस्तुत हुई। सभी विभाग अपने विभागाध्यक्ष से वार्ता कर आगामी दीपोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी करें। बैठक में विश्वविद्यालय के नोडल व उनके सहायक ने आवश्यक सूचना दिया कि सभी व्यवस्था समय से कर लिया जायेगा। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नगर, लोहिया विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि गण, विकास प्राधिकरण के सचिव, अधीक्षण/अधिशाषी अभियन्ता गण, उप निदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, उप निदेशक पर्यटन श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, श्री अमरेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री धीरेन्द्र यादव, जिला उद्यान अधिकारी श्री भूषण सिंह, संस्कृति विभाग सहित अन्य मेला से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

# डीएम नितीश कुमार ने जिले में पहली खगोलीय विज्ञान प्रयोगशाला का फीता काटकर किया उद्घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को जिलाधिकारी नितीश कुमार ने तहसील सदर के विकासखण्ड पूरा बाजार क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत ददेरा के कम्पोजिट विद्यालय ददेरा में जिले में पहली विक्रम सावभाई खगोलीय विज्ञान प्रयोगशाला का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि यह जनपद की पहली खगोलीय विज्ञान प्रयोगशाला है।सूत्र के मुताबिक इसी के तर्ज पर प्रथम चरण में जनपद के समस्त विकासखण्डों में तीन–तीन तथा नगर क्षेत्र में 05 खगोलीय विज्ञान प्रयोगशालाओं को शीघ्र खोलने का लक्ष्य है।तदोपरांत चरणबद्व तरीके से जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में खगोलीय विज्ञान प्रयोगशाला में खोली जायेगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रयोगशालाओं में बच्चे करके सीखने एवं प्रयोग विधि से सीखने का बेहतर माध्यम उपलब्ध होगा।उन्होंने उद्घाटन के उपरान्त प्रयोगशाला का निरीक्षण किया जहां पर विद्यालय के अध्ययनरत कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चों द्वारा बहुत ही बेहतर ढंग से पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण बल, मनुष्य के भोजन की पाचन क्रिया, न्यूटन के नियमों, गुरूत्वीय वेग जैसे खगोलीय एवं विज्ञान के विभिन्न नियमों की प्रायोगिक ढंग से प्रस्तुतीकरण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बच्चों को और बेहतर ढंग से पढ़ने हेतु प्रेरित किया तथा विद्यालय के शिक्षकों को प्रयोगशाला में पर्याप्त डिजिटल शैक्षिक कण्टेण्ट रखने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि नियमित प्रयोगशाला में डिजिटल कण्टेंट चलाने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि बच्चों को याद करने से ज्यादा करने/प्रयोग करके सीखना ज्यादा महत्वपूर्ण है उन्हें करके सीखने का अधिक से अधिक अवसर प्रदान करें। जनपद में बेसिक शिक्षा विद्यालय में सर्वप्रथम बनाये गये इस प्रयोगशाला में बेसिक स्कूल के विज्ञान अध्यापकों को ही खगोलाचार्य नामित किया गया जिन्होंने बेसिक स्कूल के 21 बच्चों को प्रयोगशाला सम्बंधी जानकारी प्रदान करके





खगोलीय दूत बनाया गया जिनके द्वारा एक–एक करके जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न विषयों/बिन्दुओं एवं उपकरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। तदोपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत ददेरा के पंचायत भवन में संचालित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय में वहां के बच्चों के मांग के अनुरूप भी विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकें रखने, महिलाओं/गृहथियों हेतु गृह शोभा जैसे विभिन्न प्रतिकायें व पुस्तकें रखने, प्रतियोगिता दर्पण को नियमित रखने, कक्षा 6 से 12 तक की एनसीआरटी की पुस्तकें रखने हेतु ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान को निर्देशित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्ट्रेनी आईएएस श्री कृष्ण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर/बीडीओ पूराबाजार दीक्षा श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान, टीचार व बच्चें, टेण्ट व्यवसाय की शंकर महिला स्वयं सहायता समूह जलालुद्दीननगर पूराबाजार व कैटरिंग व्यवसाय की मां वैष्णों महिला स्वयं सहायता समूह पाराखान पूराबाजार की सदस्य आदि लोग उपस्थित रही।

# थाना खंडासा क्षेत्र में नशेड़ी बेटे ने मां को डंडे से पीटा : मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना खंडासा क्षेत्र के धरौली गांव निवासी नशेड़ी अमित मिश्रा ने अपनी 60 वर्षीय मां श्रीमती को घर के अंदर डंडे से मारकर घायल कर कर दिया गंभीर चोट होने के चलते मौके पर ही मौत हो गई। सूत्र के मुताबिक इसके बाद मौके से नशेड़ी अमित फरार हो गया।वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खंडासा क्षेत्र के धरौली गांव निवासी अमित मिश्रा पुत्र दूधनाथ अपनी 60 वर्षीय मां श्रीमती के साथ घर पर अकेला रहता था किसी बात को लेकर के अमित मिश्रा ने अपनी मां के सिर पर डंडे से मारना शुरू कर कर दिया। घर के अंदर से गुहार लगाते हुए श्रीमती भागने लगी पीछे से पुनः डंडे से मार दिया। जिससे वह घर की चौखट पर ही गिर गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद अमित भी फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ धरौली गांव पहुंचकर मृतका श्रीमती का शव कब्जे में लेते हुए ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत नामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों का कहना था कि मां को मौत के घाट उतारने वाला आरोपी युवक अमित मिश्रा स्मैक के नशे का आदी था आए दिन नशा करने के बाद घर पहुंचने पर मां से झगड़ा लड़ाई किया करता था। फिलहाल घटना के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है आरोपी युवक भी फरार हो गया है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। 60 वर्षीय मृतका श्रीमती के पति दूधनाथ बरेली में रहते हैं तथा चार बेटे दिल्ली में मेहनत मजदूरी करते थे घटना की जानकारी मिलने के बाद वे लोग भी गांव के लिए निकल पड़े हैं। वहीं मृतका के अन्य परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मृतका के पति बरेली में तथा तीन बेटे दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घर पर अमित और उसकी मां ही रहती थी। अमित नशे का आदी था जिसको लेकर विवाद हुआ था। अत्यधिक खून बह जाने से मृतका की मौत हुई। अमित रात से ही फरार है जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई है।

# ट्रेन की चपेट में आकर 16 वर्षीय बालक की हुई दर्दनाक मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले के रूदौली कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन होम सिग्नल पर एक सोलह वर्षीय बालक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर पीएम के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार रूदौली कोतवाली क्षेत्र के रौजागांव रेलवे स्टेशन के आउटर पर बुधवार की सुबह आ रही गरीब नवाज एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर पटरंगा थाना क्षेत्र के पुराय गांव निवासी राम आधार का लगभग सोलह वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार लोधी की दर्दनाक मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुची रेलवे पुलिस व रूदौली कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस सम्बंध में रूदौली कोतवाल शशिकांत यादव ने बताया कि युवक मानसिक रूप से ग्रस्त था जिसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई।मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बीआईएस एक्ट का पाया उल्लंघन : दंडात्मक कार्यवाही शुरू

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ प्रमुख ए के महाराणा के निर्देशानुसार ब्यूरो के प्रमाण चिन्ह के दुरुपयोग व बी आई एस एक्ट उलंघन के विरुद्ध अंकुश लगाने के लिए चलाये गये अभियान में विभाग के कर्मचारियों को बड़ी सफलता मिली है।14 सितम्बर को विभाग के अधिकारी अभिषेक कुमार,वैज्ञानिक सी राजीव रंजन, वैज्ञानिक अभय प्रणय जैन ने स्थानीय पुलिस के साथ भगवती बेनिर्ष प्लाईवुड फैक्टरी फतेपुर सरैया निकट सोहावल अयोध्या पर अचानक छापा मारा तो फैक्ट्री में भारतीय मानक ब्यूरो चिन्ह का दुरुपयोग व बी आई एस एक्ट का उलंघन पाया गया।इन अधिकारियों ने इस बारे में साक्ष्य इकठ्ठा करके उत्पाद इकाई के विरुद्ध दंडात्मक कारवाही की प्रक्रिया शुरू कर दिया है।अधिकारियों में उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है, कि आप लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें, और जहाँ कहीं भी उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो चिन्ह के दुरूपयोग की जानकारी उसकी सूचना तुरन्त भारतीय मानक ब्यूरो शाखा लखनऊ को उपलब्ध कराए जिससे इसके दुरूपयोग पर लगाम लगाते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जा सके।

# तीस सितंबर तक पंजीकृत श्रमिको का बनेगा आयुष्मान गोल्डन कार्ड –उप श्रमायुक्त

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिये विशेष अभियान चलाते हुए 30 सितम्बर तक आयुष्मान/गोल्डन कार्ड बनाने का काम किया जायेगा।श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिये विशेष अभियान चलाते हुए 15.09.2022 से 30.09.2022 तक आयुष्मान कार्ड/गोल्डन कार्ड बनवाये जा रहे हैं। मंडल के सभी जनपदों मे समस्त जनसुविधा केन्द्र एवं राशन कार्ड वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों, आरोग्य मित्र, आशा, ग्राम पंचायत सहायक आदि के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाये जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिये आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड आवश्यक है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक बन्धुओं से अपील है कि उक्त अभिलेखों सहित अपने निकटतम जनसुविधा केन्द्रों/पंचायत भवन पर सम्पर्क कर अपना गोल्डन कार्ड अवश्य बनवा लें। आयुष्मान कार्ड श्रमिकों व उनके परिजनों को अस्पताल में प्रति वर्ष 05 लाख रूपये तक निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करता है।उपश्रमायुक्त अयोध्या मंडल द्वारा बताया गया कि मंडल के सभी जिलों मे ऐसे ढाई लाख पात्र श्रमिकों की सूची पोर्टल से प्राप्त कर जिला पंचायत राज अधिकारी और जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे बनाये गए नोडल अधिकारियो के माध्यम से आरोग्य मित्र और ग्राम पंचायत सहायक को उपलब्ध करा दी गयी है और सभी श्रम प्रवर्तन अधिकारियो की भी ड्यूटी लगा दी गयी है, अबतक मंडल मे सुल्तानपुर मे 11945, अयोध्या मे 8656, बाराबंकी मे 3556, अम्बेडकर नगर मे 3671और अमेठी मे 2779 कार्ड बन चुके हैं.इस सम्बन्ध में किसी जानकारी के लिए अपने जनपद केस्थानीय श्रम कार्यालय अथवा अयोध्या मे खपराडीह कोठी, सिविल लाइन्स स्थित उपश्रमायुक्त कार्यालय मे सम्पर्क कर सकते हैं।

# बेटियों के भविष्य को संवारने में सुकन्या समृद्धि खाते का अहम योगदानः प्रवर अधीक्षक पी० के० सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्राथमिक विद्यालय कोट सराय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सुकन्या समृद्धि अमृत महोत्सव का शुभारंभ हुआ।इस मौके पर उन्होंने बताया कि मात्र 250 रुपये में सुकन्या खाता खुलवाया जा सकता है। वही आयकर में 80ब के तहत छूट , बेटी को लक्ष्मी स्वरूपा बनाने में डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि योजना घर–घर दस्तक देने लगी है। माता पिता के साथ डाक विभाग की आंखों में नन्ही बच्चियों के सुनहरे भविष्य को सवारने का सपना है।इसे साकार करने के लिए "सुकन्या समृद्धि अमृत महोत्सव " अभियान के तहत मसौधा ब्लाक के कोटसराय गांव में ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के महामेला का शुभारम्भ प्राथमिक विद्यालय कोटसराय द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सांसद लल्लू सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद लल्लू सिंह ने शिरकत करते हुए कहा कि आज देश की बड़ी समस्या बेटियों की शिक्षा व विवाह है ऐसे में सिर्फ सुकन्या समृद्धि योजना ही बेटियों के भविष्य को संवारते हुए उनके सपनो को पंख लगा सकता है द्य यह सुकन्या योजना बेटियों को उच्च शिक्षा जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक सेवाओं की सौगात देने के साथ–साथ भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध पर रोक लगा रहा है और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा। सांसद लल्लू सिंह ने यह भी कहा कि बेटियाँ देश का भविष्य है और राष्ट्र निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है साथ ही उन्होंने नागरिकों एवं जन सेवकों से अपील भी किया कि सभी आस पास की बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए उनके अभिभावक को डाकघर में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' के अन्तर्गत खाता खुलवाने हेतु प्रेरित करें । इस दौरान सांसद श्री सिंह ने आर्थिक गरीबी के कारण सुकन्या खाता नही खोल पा रहे अभिभावकों को अपनी ओर से सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के आश्वासन का तोहफा दिया। उन्होंने डाक कर्मियों को इसके लिए फार्म एकत्र करने की जिम्मेदारी भी दिया। इस दौरान लखनऊ परिक्षेत्र के सहायक निदेशक ए.पी.अस्थाना ने कहा कि "सुकन्या समृद्धि अमृत महोत्सव" में 15 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक लखनऊ परिक्षेत्र में धूम धाम से मनाया जा रहा है द्य जिसके अंतर्गत डाककर्मी घर घर जाकर शत प्रतिशत बेटियों का सुकन्या खाता खोलने हेतु दस्तक देते हुए उन्हें योजना से रूबरू भी करायेंगे। इस दौरान दर्जनों बेटियों को सुकन्या समृद्धि पासबुक व उपहार दिया गया। इस अवसर पर अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी० के० सिंह ने सुकन्या योजना के बारे में बताया कि 10 साल तक की बेटियों का सुकन्या खाता खोलने से मात्र 14 वित्तीय वर्ष तक धन जमा करना होता है और बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर शिक्षा हेतु 50 प्रतिशत व सम्पूर्ण राशि 21 वर्ष पूरा होने पर निकाली जा सकती है । इस योजना के अंतर्गत 80 सी के तहत आयकर में छूट का भी प्रावधान है । गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी, 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का आरम्भ किया था और इसके तहत सुकन्या समृद्धि योजना का आगाज किया गया था । इसके तहत किसी भी डाकघर में दस साल तक की बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया जा सकता है।इस मौके पर सहायक अधीक्षक जय प्रकाश, निरीक्षक कपिल वर्मा, हिमांशु शुक्ला, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जयशंकर प्रसाद वर्मा, हिमांशु कनौजिया, मनोज तिवारी, जय प्रकाश सिंह, अंबिका यादव, पवन गुप्ता, अम्बिका दुबे, मोहम्मद सगीर, सहित सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टर, उपस्थित रहें।

# बारिश ने खोली नगर निगम की पोल जगह जगह हुआ जलभराव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इधर जनपद में लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर किसान भाइयों के चेहरे खिले और अब आज हो गई कि धान की फसल अच्छी होगी इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है इस बारिश को देखते हुए लेकिन वही दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में बारिश की वजह से नगर निगम की सफाई की पोल भी खुल गई नाले नाली साफ होने की वजह से कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति कायम हो गई जिसमें सुरसुरी कॉलोनी जलावन टोला आदि ऐसे तमाम मोहल्ले हैं जहां जलभराव हो गया है वही महिला अस्पताल के सामने रिकाबगंज की भी स्थित जलभराव की हो गई है और कॉलेज रोड इलाके में जलभराव की स्थिति अधिक हो गई है जिससे राहगीरों का चलना मुश्किल हो रहा है नगर निगम कितने भी सफाई के दावे कर ले लेकिन 2 दिनों की बारिश ने नगर निगम को ठेंगा दिखा दिया।

# गुमनामी बाबा ही नेताजी सच्चाई आनी चाहिए सामने – राजीव

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नेताजी सुभाष चंद्र बोस उर्फ गुमनामी बाबा की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर गुप्तार घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर भाजपा तथा हिंदू महासभा के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला ने कहा कि गुमनामी बाबा ही नेता जी हैं इनकी मृत्यु की सच्चाई सामने आनी चाहिए, नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवाओं के प्रेरणा थे और हमेशा प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि गुमनामी बाबा के सत्य को सरकार उजागिर करें, इसके साथ ही साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस तत्काल प्रभाव से भारत रत्न देने की घोषणा करने के साथ–साथ भारतीय मुद्रा पर उनके चित्र भी अंकित करवाए जाएं। पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख लोगों में विकास तिवारी इंद्रजीत अविनाश जयसवाल दिनेश शेखर अमित मिश्रा निरंकार ओझा संदीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त के औचक निरीक्षण में खुली श्री राम चिकित्सालय की पोल : मंडलायुक्त ने दी अंतिम चेतावनी

अयोध्या।राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा ने औचक निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के दौरान इस मौके पर श्री राम चिकित्सालय में खामियां ही खामियां मिली। जिसके चलते उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।मजे की बात तो यह है कि निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सीएमएस के मोबाइल पर फोन किया तो अन्य अधिकारियों की तरह उनका मोबाइल नंबर बंद मिला। वही इसी कड़ी में इस मौके पर निरीक्षण के दौरान श्री राम अस्पताल में बिजली के साथ साथ वहां की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने वहां पर मौजूद अधिकारियों व कर्मियों को काफी खरी खोटी सुनाई। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस चिकित्सालय के मेडिकल वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा।जैसे ही वे निरीक्षण करने के लिए उस चिकित्सालय में आने की कोशिश की तो सबसे पहले श्री राम अस्पताल के मुख्य गेट पर कचरे




देखकर वे नाराज हो गए।वही उन्होंने तुरंत नगर निगम के अधिकारियों को श्री राम अस्पताल को नोटिस भेजने का दिशा निर्देश दिया।वही इसी कड़ी में उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखा कि श्री राम अस्पताल में कोरोना काल के दौरान लगाए गए जरनेटर का दूसरे कार्य में प्रयोग किया जा रहा था।जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताई।कुल मिलाकर उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली खामियो को दूर करने का सख्त दिशा निर्देश व अंतिम चेतावनी श्री राम चिकित्सालय के अधिकारियों व कर्मियों को दिया।

# पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पिछले तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से यूँ तो किसानों के चेहरे पर मुस्कान जरूर नजर आ रही है लेकिन अभी तक वर्षा न होने के कारण किसानों का जो नुकसान हो चुका है उसकी भरपाई करना असम्भव है । फिलहाल तीन दिनों हो रही बारिश से किसानों को राहत जरूर मिली है जो फसलें पानी के अभाव में कमजोर थी उनके लिए यह झमाझम बारिश वरदान साबित हो रही है जिन किसानों की धान की फसल पानी के अभाव में बढ़ नहीं पा रही थी उस पर इस बारिश का अच्छा असर पड़ेगा इससे जहाँ धान की बढ़वार पर असर पड़ेगा वहीं फसल उत्पादन पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा । धान की फसल के साथ ही जिन किसानों ने गन्ना व सब्जी की बुवाई की है उनके लिए भी यह बारिश वरदान साबित होगी। यही नहीं यह बारिश इंसान के साथ साथ पशु–पक्षियों को भी बड़ी राहत प्रदान करने वाली है।किसानों का मानना है कि अब तक जो वर्षा हुई है वह जरूरत के अनुसार आधी भी नहीं है उनका कहना है कि अयोध्या को सूखाग्रस्त घोषित किया जाना न्यायोचित है नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को आर्थिक मदद दिए जाने की जरूरत है। इस क्षेत्र के किसान खुलेआम कह रहे हैं क्षेत्र सूखा की मार से कराह रहा था महंगाई के इस दौर में खेतों की सिंचाई करना किसानों को बहुत महंगा पड़ रहा था जिन किसानों के खेतों की सिंचाई नहरों से होती है उनकी फसल तो हरी भरी नजर आ रही है लेकिन जिन किसानों की फसलों की सिंचाई पंपिंग सेट के जरिए होती है उन किसानों के लिए सिंचाई करना आसान काम नहीं था । किसान रामराज का कहना है कि एक बीघा खेत की सिंचाई करने में लगभग 500 रुपये का डीजल जल जाता है कि जिन किसानों के पास पंपिंग सेट की व्यवस्था नहीं है उनके लिए खेतों की सिंचाई करना और भी मुश्किल है उनके लिए लगभग 700 से 800 रुपए में भी एक बीघा खेत की सिंचाई कर पाना मुश्किल है। जानकार किसानों का मानना है इस वर्ष वर्षा काल में जितनी वर्षा हुई है यदि उतनी ही वर्षा आगे भी हो जाती है तो किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी यदि ऐसा न हुआ तो फसल उत्पादन पर लगभग 40 से 50 प्रतिशत का नुकसान किसानों को झेलना पड़ेगा। जनपद अयोध्या को समय से सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को राहत न पहुंचाई गई तो सरकार का किसानों की आय दोगुना करने का सपना चकनाचूर हो जाएगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।